प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

06.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि तय मानकों के मुताबिक सौ शिक्षण संस्थानों में अभी भी विद्यार्थियों की संख्या न के बराबर है और ऐसे शिक्षण संस्थानों को बंद करने पर सरकार विचार करेगी। शिक्षा मंत्री ने 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई।

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों व बागवानों का काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल लगातार आपदा के दौर से गुजर रहा है और केन्द्र सरकार प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार को बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के लिए हिमाचल की मदद करनी चाहिए।

नामांकन वापसी

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन भरे जाएंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार तीन बजे तक अपने नाम वापिस ले सकेंगे। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 3 चरणों में होने वाले इन चुनावों के लिए 26, 28 और 30 मई को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए चुनाव होगा। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष हैं, जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। इन चुनावों में 52 हजार 3 सौ 49 युवा पहली बार वोट डालेंगे। इस बीच प्रदेश के 51 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए तैयारियां जोरों पर है। नगर पंचायत और नगर परिषदों में मतों की गिनती 17 मई को मतदान पूरा होने के बाद शुरू होगी जबकि 4 नगर निगमों के मतों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

वेव्स डॉक बाजार

वेव्स डॉक बाजार का दूसरा चरण 16 से 18 जून तक 19वें मुम्बई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के साथ मुंबई के एन.एफ.डी.सी. परिसर में आयोजित किया जाएगा। वेव्स डॉक बाजार वृतचित्र, एनिमेशन और लघु फिल्मत निर्माताओं को समन्वय, मार्गदर्शन, बाजार पहुंच और वैश्विक प्रदर्शन का अवसर प्रदान

करके उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस बाजार में प्रदर्शन कक्ष है, जिसमें हाल में बने वृतचित्र, लघु और एनिमेशन फिल्मों को चुने हुए दर्शकों को दिखाया जाता है।

निर्विरोध चुनाव

लाहौल–स्पीति जिला की ताबो पंचायत में ग्राम वासियों ने पंचायत नेतृत्व का चयन सर्वसम्मति से किया है। ताबो पंचायत का ये कदम न केवल स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है, बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति जिला संवाददाता....

स्पीति के ताबो पंचायत में ग्रामवासियों ने आपसी सहमति और सौहार्द का परिचय देते हुए पंचायत नेतृत्व का चयन सर्वसम्मति से किया है। कुमारी छेरिंग किंजोम को पंचायत प्रधान और थिनले दोरजे को उप–प्रधान चुना गया है। इस निर्णय के बाद पूरे पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिना किसी विवाद और चुनावी प्रतिस्पर्धा के हुआ यह चयन ग्रामीणों की एकता, समझदारी और आपसी विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। ग्रामवासियों ने विश्वास जताया है कि आने वाले समय में पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक निर्णय के लिए ग्रामीणों को बधाई दी जा रही है। ताबो पंचायत का यह कदम न केवल स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करता है, बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरा है। आकाशवाणी के लिए लाहौल–स्पीति से मैं सुरेंद्र कुमार

पांगी चुनाव

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए किलाड़ में दूसरी रिहर्सल अयोजित की गई। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पांगी के आवासीय आयुक्त अमनदीप सिंह ने बताया कि कुल 19 ग्राम पंचायतों में प्रधान व उपप्रधान, 97 वार्ड सदस्य, 15 पंचायत समिति सदस्य और एक जिला परिषद सदस्य के चुनाव में 15 हजार 7 सौ 91 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पांगी में 26 व 28 मई को दो चरणों में चुनाव होंगे, जिनके लिए 97 मतदाता बूथ और 52 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

संगोष्ठी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला शिमला द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर विकासनगर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सह सरकार्यवाह आलोक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रेरणादायक वर्णन किया।